PWD1-EST/NOC/5/2022-III-1-Public Works Department

I/126946/2023

संख्याः 126946 /III(1)/2023-22745/EST/NOC/5/2022

प्रेषक,

डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, देहरादून।

लोक निर्माण अनुभाग-01

देहरादून दिनांकः 01 जून, 2023

विषयः- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत प्रभारी दायित्व प्रदान किये जाने एवं प्रतिनियुक्ति पर जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रायः देखा जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता के रिक्त पदों के सापेक्ष क्रमशः सहायक अभियन्ताओं एवं कनिष्ठ/अपर सहायक अभियन्ताओं को काम चलाऊ व्यवस्था के अन्तर्गत प्रभारी दायित्व प्रदान किये जाने के प्रस्ताव समय-समय पर शासन को उपलब्ध कराये जाते हैं। इसी तरह लोक निर्माण विभाग में अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता के कुल स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्मिकों की तैनाती न होने के कारण पद रिक्त होने की स्थिति में भी अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए प्राप्त अनुरोध पत्रों को बिना औचित्यपूर्ण परीक्षण के अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाते हैं। यह स्थिति लोक निर्माण विभाग के लिए उचित नहीं है।

2- अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त प्रकरणों में निम्नानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें:-

(1) लोक निर्माण विभाग में पद रिक्त होने की स्थिति में प्रभारी दायित्व दिये जाने के स्थान पर शुद्ध/परिणामी रूप से रिक्त पदों पर नियमित पदोन्नति/चयन हेतु प्रस्ताव शासन को तत्काल उपलब्ध करायें। इस सम्बन्ध में यदि किसी बिन्दु पर शासन से मार्गदर्शन/परामर्श की आवश्यकता हो, तो तद्नुसार उक्त विशिष्ट बिन्दु को इंगित करते हुए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(2) वर्तमान में लोक निर्माण विभाग में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत कार्मिकों की कमी के दृष्टिगत अग्रिम आदेशों तक प्रतिनियुक्ति हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किये जायेंगे।

भवदीय,

(डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव।

Signed by Pankaj Kumar Pandey
Date: 01-06-2023 15:53:18

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
व्यवस्थापन 'क' वर्ग
लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड, देहरादून
Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand
Phone & Fax:- 0135-2530467,2530431 Web- http://pwd.uk.gov.in E-Mail-eicpwduk@nic.in

पत्रांकः– 781 /103 व्यक–सा0/23 दिनांकः– 06/06/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख अभियन्ता महोदय के संज्ञानार्थ।
2. मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान/नियोजन), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
6. अधिशासी अभियन्ता, आई0टी0, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून को वेब साइट पर अपडेट करने हेतु।
7. गार्ड/पत्रावली हेतु।

6/6/2023

अधिशासी अभियन्ता (अधिष्ठान)
विभागाध्यक्ष, कार्यालय
लोक निर्माण विभाग, देहरादून
06.06.23